बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 133 ● नई दिल्ली ● सोमवार 09 मार्च 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एएआई में महिला कर्मचारियों ने संभाली एटीसी की कमान, नारी शक्ति का दिखा दम

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने एक महत्वपूर्ण पहल की। एएआई ने महिला कर्मचारियों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के संचालन की कमान सौंपी। यह कदम कार्यस्थल पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। एटीसी की प्रबंधक प्रांजलि टोलिया ने इस पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस जिम्मेदारी के लिए शुरुआत में कड़ा प्रशिक्षण दिया जाता है। एयर ट्रैफिक नियंत्रक की पाली लगातार बदलती रहती है। काम के दौरान कई निर्धारित प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होता है।

## यूजीसी नियमों के खिलाफ सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज, रामलीला मैदान, जंतर-मंतर से की ये मांग



नई दिल्ली । यूजीसी नियमों के खिलाफ रविवार को सवर्ण समाज दिल्ली की सड़कों पर उतरा। सवर्ण समुदाय के बड़े नेताओं की गिरफ्तारी और उन्हें हाउस अरेस्ट करने के बाद भी बड़ी संख्या में सामान्य वर्ग के युवा दिल्ली के रामलीला मैदान और जंतर-मंतर पहुंचे और यूजीसी नियमों के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की। युवाओं ने कहा कि सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जो सभी समाज और सभी वर्ग के हितों की रक्षा करे। युवाओं ने कहा कि नियम-कानून की आड़ में लगातार सामान्य वर्ग का उत्पीड़न होता रहा है, लेकिन अब बच्चों को कॉलेज स्तर पर भी प्रताड़ित करने की तैयारी की जा रही है। यह हर हाल में रुकना चाहिए। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ जुटने के बाद उनकी पुलिस जवानों से जमकर कहासुनी हुई। रामलीला मैदान में भी जोरदार प्रदर्शन करने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर दूर ले गई।

सुरक्षा बलों का कहना था कि रविवार को यूजीसी के खिलाफ प्रदर्शन की अनुमति नहीं थी। लेकिन इसके बाद भी हजारों प्रदर्शनकारी रामलीला मैदान पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अयोध्या से सवर्ण आंदोलन में भागीदारी करने जंतर-मंतर पहुंची आरती तिवारी ने अमर उजाला से कहा कि भाजपा और आरएसएस हमेशा हिंदू समाज की एकता की बात करते हैं, लेकिन यूजीसी नियमों ने हमारे बच्चों को ही अलग-अलग वर्गों में बांटने का रास्ता तैयार कर दिया है। बिहार के रणधीर सिंह ने कहा कि सरकार को केवल अमीर और गरीब दो वर्ग बनाने चाहिए। यदि छात्र गरीब है तो उसे बिना कोई भेदभाव किए सभी सुविधाएं देनी चाहिए। प्रयागराज से आए छात्र अमित शुक्ला ने कहा कि वे भाजपा या सरकार के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यदि सरकार ने यूजीसी नियमों को वापस नहीं लिया तो वे चुनावों का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि एक कानून बनाकर उन्हें अपने ही देश में दोयम दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश की जा रही है। इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। धर्मराज सिंह ने अमर उजाला से कहा कि पूरे देश में एससी/एसटी एक्ट का दुरूपयोग करते हुए सवर्ण समाज के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर पूरे-पूरे परिवार के साथ जेल में डाला जा रहा है। आज तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। लेकिन अब सवर्ण समुदाय के बच्चों को स्कूल कॉलेज में ही कानून के फंदे में फंसाकर जेल में डालने की साजिश रची जा रही है।

## हिंदू युवक की हत्या के आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर, भाजपा ने कार्रवाई का स्वागत किया



नई दिल्ली। होली के दिन उत्तम नगर में एक युवक तरुण की हत्या करने वाले आरोपियों के घर पर बुलडोजर चल गया है। अनधिकृत निर्माण को लेकर दिल्ली नगर निगम की कार्रवाई के अनुसार हुये इस ध्वस्तीकरण में रविवार सुबह ही बुलडोजर इस कॉलोनी में पहुंच गए। दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा में हुए इस ध्वस्तीकरण में अब तक मकान के कुछ हिस्से को तोड़ दिया गया है। आसपास के मकानों को किसी नुकसान से बचाने के लिए बाद में निगमकर्मियों ने हथौड़े का उपयोग करते हुए मकान के कुछ हिस्से को तोड़ा।

भाजपा ने इस ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का स्वागत किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने होली के दिन उत्तम नगर में हुई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे ऐसी हरकत करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्व धर्म समभाव की संस्कृति वाले भारत देश में इस तरह की सांप्रदायिक सोच को स्वीकार नहीं किया जा सकता जिसमें किसी एक समुदाय के लोग किसी दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान न कर सकें। उन्होंने अभियुक्त परिवार का अवैध रूप से निर्मित मकान तोड़े जाने का स्वागत किया। सचदेवा ने कहा कि अतिवादियों ने पहले भी इस तरह की सांप्रदायिक घटनाओं को अंजाम दिया था, लेकिन अब इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि तरुण की हत्या के आरोपियों को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर धर्म समुदाय के लोग आपसी भाई चारे को बनाए रखते हुए रहते आए हैं और दिल्ली को अपनी इस संस्कृति पर गर्व रहा है। इस संस्कृति को चोट पहुंचाने की किसी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जा सकता। आरोप है कि होली के दिन 4 मार्च को होली खेलने के दौरान एक बच्ची के हाथों रंग का गुब्बारा दूसरे समुदाय की एक महिला पर पड़ जाने से विवाद खड़ा हो गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि एक साजिश रचकर तरुण को बुलाकर करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के परिजनों ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## न्यायाधिकरणों पर बढ़ता बोझ - 5 लाख से अधिक मामले लंबित, पद खाली होने से बढ़ रही देरी

नई दिल्ली। अदालतों में लंबित मामलों का बोझ कम करने और लोगों को जल्दी न्याय दिलाने के उद्देश्य से बनाए गए विभिन्न न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) अब खुद ही मामलों के भारी दबाव से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि इन संस्थानों में लाखों मामले लंबित पड़े हैं और बड़ी संख्या में पद खाली होने के कारण मामलों का निपटारा धीमा हो गया है। कानून मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार देश के अलग-अलग न्यायाधिकरणों में कुल मिलाकर 5 लाख से यादा मामले लंबित हैं। इन मामलों की बढ़ती संख्या की सबसे बड़ी वजह अध्यक्षों, न्यायिक सदस्यों, तकनीकी सदस्यों और कर्मचारियों की कमी बताई जा रही है। मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार कई न्यायाधिकरणों में लगभग 18 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। स्थिति यह है कि सात न्यायाधिकरण ऐसे हैं जहां फिलहाल अध्यक्ष का पद ही खाली है। में अकेले 37 सदस्यों के पद खाली हैं। वहीं सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) में भी 15 पद रिक्त बताए गए हैं। कई अन्य न्यायाधिकरणों में भी न्यायिक और तकनीकी पद लंबे समय से



खाली पड़े हैं, जिससे मामलों के निपटारे की गति प्रभावित हो रही है। न्यायाधिकरणों की व्यवस्था वर्ष 1976 में संविधान में किए गए 42वें संशोधन के जरिए लागू की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक अदालतों, खासकर उच्च न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों के बोझ को कम करना था। इन न्यायाधिकरणों की खास बात यह है कि इनमें न्यायिक सदस्यों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाता है। इससे उम्मीद की गई थी कि विशेष मामलों में विशेषज्ञता के आधार पर तेजी से फैसले हो सकेंगे और लोगों को जल्दी न्याय मिल सकेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी न्यायाधिकरणों की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर चिंता जताई थी। 26 फरवरी को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि जिन संस्थाओं को अदालतों का बोझ कम करने के लिए बनाया गया था, वही अब खुद समस्याओं का कारण बनती जा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में तो वित्तीय मामलों से जुड़े न्यायाधिकरणों के तकनीकी सदस्य फैसले लिखने का काम बाहर के लोगों से करवा रहे हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि न्यायाधिकरण सरकार द्वारा बनाए गए निकाय हैं, लेकिन कई मामलों में उनकी जवाबदेही स्पष्ट नहीं दिखती। अदालत के अनुसार कुछ न्यायाधिकरण ऐसे तरीके से काम कर रहे हैं मानो वे किसी नो-मैन्स लैंड की तरह हों, जहां जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है।

### आपसी रंजिश में गोली मारकर युवक को उतारा मौत के घाट, बवाना इलाके में सनसनी



नई दिल्ली । बवाना इलाके में रविवार सुबह 24 साल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त पूठ खुर्द निवासी भूपेंद्र के रूप में हुई है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि सुबह में बवाना इलाके में स्थित राज वाटिका के पास एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक को गोली मारी गई है। पुलिस ने उसे तुरंत पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शिनाख्त भूपेंद्र के रूप में हुई। शुरुआती जांच में पता चला है कि भूपेंद्र के पिता बिजली कंपनी में काम करते हैं। वह बेरोजगार था। आशंका है कि आपसी रंजिश में उसकी हत्या की गई है। पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया है और आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## शुकराना कीर्तन समागम का आयोजन



नई दिल्ली. (अजय कुमार चौधरी) गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब स्थित लखी शाह बंजारा हॉल में शुकराना कीर्तन समागम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। समागम के पश्चात संगत के लिए लंगर (भोज) की भी व्यवस्था की गई। यह आयोजन सिक्का ग्रुप के चेयरमैन सरदार गुरिंदर सिंह सिक्का की विवाह की स्वर्ण जयंती (50वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरदार गुरिंदर सिंह सिक्का ने बताया कि यह शुकराना समागम गुरु साहिब के आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद स्वरूप आयोजित किया गया है। समागम को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार हरमीत सिंह कालका ने भी संबोधित किया और संगत को गुरुवाणी के मार्ग पर चलने तथा सेवा और सिमरन के महत्व के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली, पूर्व विधायक विपिन शर्मा, पूर्व निगम पार्षद गुरुचरण सिंह राजू, सिक्का ग्रुप के डायरेक्टर मयंक सिक्का व प्रणव सिक्का, झंकार ग्रुप के चेयरमैन महेश कपूर, हीरा स्वीट्स के प्रोपाइटर पारस शर्मा, राष्ट्र टाइम्स के संपादक विजय शंकर चतुर्वेदी, फेस ग्रुप के मुश्ताक अंसारी, समाजसेवी कैलाश अरोड़ा, विकास मार्ग ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, सतवीर अग्रवाल, पियूष चौधरी, सतीश भट्ट सहित अनेक मंत्री, सांसद एवं गणमान्य लोग समागम में उपस्थित रहे।

## गीता कॉलोनी में 'गुरु मान्यों ग्रंथ चेतना समागम', खालसा साजना दिवस को समर्पित

पूर्वी दिल्ली . ( इंद्रजीत सिंह) के गीता कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय 'गुरु मान्यों ग्रंथ चेतना समागम' खालसा साजना दिवस और वैसाखी की भावना को समर्पित रहा। धार्मिक वातावरण और संगत की बड़ी उपस्थिति के बीच आयोजित इस समागम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु परंपरा और सिख इतिहास के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।समागम के दौरान दीवान में भाई रणजीत सिंह ढडरियांवाले के आगमन पर कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक एवं पूर्व निगम पार्षद गुरचरन सिंह राजू ने उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर धार्मिक विचारों और कीर्तन के माध्यम से संगत को गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं से जुड़ने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (DSGMC) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और पूर्वी दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा ने भी विशेष रूप से भाग लिया। दोनों अतिथियों ने संगत से मिले स्नेह और सम्मान के लिए गुरचरन सिंह राजू का आभार व्यक्त किया तथा ऐसे आयोजनों को समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सुखविंदर सिंह बब्बर ने बताया कि तीन दिवसीय इस धार्मिक समागम को लेकर यमुनापार क्षेत्र की संगत में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समागम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है और आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। समागम में संगत के लिए धार्मिक दीवान, कीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करना है।



# मुस्लिम फ़ैडरेशन के रोज़ा इफ़्तार में जंगे बदर पर डाली रोशनी, मुल्क की सलामती की मांगी दुआ

मुरादाबाद।

पवित्र माहे रमज़ान के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी ऑल इंडिया मुस्लिम फ़ैडरेशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद आसिफ हसन के जिगर कॉलोनी स्थित आवास पर रोज़ा इफ़्तार की महफ़िल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में रोज़ेदारों और शहर के लोगों ने शिरकत की। रोज़ा इफ़्तार से पहले आयोजित तक़रीरी महफ़िल में उलेमा-ए-किराम ने रमज़ान की 17वीं तारीख़ की अहमियत और फ़ज़ीलत बयान की, इस अवसर पर चांद खां, आतीफ अहमद, ने ख़िताब करते हुए जंग-ए-बद्र की ऐतिहासिक अहमियत पर रोशनी डाली। उलेमा ने बताया कि रमज़ान की 17 तारीख़ को इस्लामी तारीख़ का अहम वाक़िआ जंग-ए-बद्र पेश आया था, जिसमें पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपने 313 सहाबा के साथ हक़ और इंसाफ़ की ख़ातिर जंग लड़ी और अल्लाह



तआला की मदद से फ़तह हासिल की, उन्होंने कहा कि यह वाक़िआ सब्र, हिम्मत और स'चाई पर डटे रहने का पैग़ाम देता है, इतिहास गवाह है कि कामयाबी हमेशा हक़ और स'चाई की होती है। तारिक अनवर ने कहा कि जंग-ए-बद्र हमें यह तालीम देती है कि कोई भी जंग सिर्फ़ फौज की तादाद या जंगी साज़ो-सामान से नहीं जीती जाती, बल्कि ईमानदारी, स'चाई और अल्लाह की नुसरत से फ़तह हासिल होती है, उन्होंने कहा कि एक तरफ़ हुज़ूर-ए-अकरम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के 313 सहाबा थे, जबकि दूसरी तरफ़ विरोधियों की बड़ी और सुस'जित फौज थी, लेकिन अल्लाह की मदद से मुसलमानों को फ़तह नसीब हुई, सैयद आसिफ हसन ने मुसलमानों को नसीहत करते हुए कहा कि इंसान को अपनी ज़िंदगी ईमानदारी और नेक अमल के साथ गुज़ारनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि उसकी वजह से किसी को तकलीफ़ न पहुँचे, फेडरेशन के ज़िला महा सचिव व युवा लेखक फ़िरोज़ खां ने कहा कि अमन, भाईचारा और इंसानियत की ख़िदमत ही इस्लाम की बुनियादी तालीमात हैं, इस मौके पर मुल्क में अमन-चैन और सलामती के लिए ख़ास दुआएं की गई, दुआ के बाद सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामूहिक रूप से रोज़ा इफ़्तार किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम फैडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अब्दुल समद चौधरी ने और संचालन साहिल शमसी ने किया। कार्यक्रम में मुस्लिम फैडरेशन के मंडलीय अध्यक्ष अतीक़ अहमद , जिला अध्यक्ष मुजाहिद पठान, महानगर अध्यक्ष फिरोज खान, डॉक्टर मेराजुल हसन,सलीम अहमद एडवोकेट, राष्ट्रीय लोक दल के महानगर अध्यक्ष सैयद राशिद अली शाहनवाज मलिक जागरण बर खां, सैयद ज़ुबेर अली एडवोकेट इंजीनियर राशिद हुसैन, इकमान अली असलम परवेज़, मोहम्मद आरिफ, समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। ब्रो पेपर इस मौके पर मुस्लिम फेडरेशन के बानी हाजी नसीम अहमद एडवोकेट, अख्तर अहमद खान जनरललिस्ट, कौसर खान, अजीम इकबाल एडवोकेट की मगफिरत के लिए दुआ की।

# यूपीएससी में चयनित होने पर पीयूष एवं अंकित का किया सम्मान



मुरादाबाद। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बहुजन समाज में जन्मे मुरादाबाद के होनहार युवा पीयूष कुमार मौर्य एवं अंकित कुमार सिंह को बौद्ध जनकल्याण समिति द्वारा शांति के प्रतीक तथागत गौतम बुद्ध का चित्र देकर सम्मानित कर हार्दिक बधाई दी गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विमल धीर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल मुरादाबाद बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है । अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर प्रसाद मौर्य ने कहा कि इन युवाओं की सफलता से समाज में शिक्षा, जागरूकता और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति उत्साह को नई दिशा मिलेगी । प्रतिनिधि मंडल में व्यवस्था परिवर्तन मोर्चा के मुख्य संयोजक चंदन सिंह रैदास सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी दोनों सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित कर उनके उ'जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम में विमल धीर महावीर प्रसाद मौर्य चंदन सिंह रैदास विनीत कुमार सागर जयप्रकाश सिंह मलखान सिंह रामपाल सिंह हेतराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अखंड विश्वकर्मा महासंघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



बहराइच।

अखंड विश्वकर्मा महासंघ के तत्वावधान में संगम पैरामेडिकल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। सभी लोगों को मिल-जुलकर संगठन को मजबूत करते हुए समाज के उत्थान एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक डॉ0 गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदेश महासचिव एडवोकेट दुर्गेश विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, गोंडा जिला अध्यक्ष जयलाल शर्मा, बहराइच जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, श्रावस्ती जिला अध्यक्ष डॉ0 अरविंद विश्वकर्मा, बलरामपुर जिला अध्यक्ष राज बहादुर शर्मा, संगठन मंत्री रामकुमार शर्मा व राधेश्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बहराइच प्रभाकर विश्वकर्मा व मगन विहारी, गोंडा जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनरेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विजय शर्मा व प्रदीप विश्वकर्मा, मंडल सचिव विजय राज, महिला समाजसेविका निशा शर्मा, कार्यक्रम के आयोजक डॉ0 त्रिलोकी नाथ विश्वकर्मा, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन द्वाराआयोजक डॉ0 विश्वकर्मा द्वारा अतिथियों एवं उपस्थित जनों के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# इनरव्हील क्लब के 'शृंगार उत्सव' में मुरादाबाद ईस्ट का दबदबा




मुरादाबाद।

इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 310 द्वारा मवाना में आयोजित डिस्ट्रिक्ट होली इवेंट शृंगार उत्सव हर्षोल्लास के साथ उत्सव मण्डप में संपन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न शहरों के क्लबों ने प्रतिभाग किया, जिसमें इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट की सदस्यों ने अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराई और महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें मुरादाबाद ईस्ट की वरिष्ठ सदस्य और पीडीसी वंदना गुप्ता को उनकी दीर्घकालिक निस्वार्थ सेवाओं और संस्था के प्रति समर्पण के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से विभूषित किया गया। इस सम्मान पर क्लब की सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया। उत्सव के दौरान आयोजित अन्य गतिविधियों में भी क्लब का भाग्य चमका। क्लब की अध्यक्षा वीना रस्तोगी ने लकी ड्रा का पुरस्कार अपने नाम किया, जिससे क्लब के खेमे में दोहरी खुशी छा गई। कार्यक्रम में क्लब की ओर से पीडीसी ममता गर्ग और पास्ट प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल ने भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया और अन्य जनपदों से आई सदस्यों के साथ होली की शुभकामनाएं साझा कीं।बताते चलें कि इससे पहले इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट की अन्य दो पीडीसी (ममता गर्ग एवं अनीता गुप्ता) को डिस्ट्रिक्ट चैयरमैन शालिनी गुप्ता द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। मवाना में आयोजित इस शृंगार उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और फूलों की होली के बीच महिलाओं के सशक्तिकरण और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। मुरादाबाद ईस्ट की टीम ने इस सफल आयोजन के लिए डिस्ट्रिक्ट कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

# इकबाल और उनके समकालीन कवि - जाबिर हुसैन सिद्दीक़ी

मुरादाबाद।

मीर, ग़ालिब और इक़बाल हमारे ऐसे शायर हैं जिनके कलाम और विचार-कला (फ़िक्र-ओ-फ़न) में वह आनंद, अंतर्दृष्टि, गहराई और मिठास है कि पूरी दुनिया उनकी प्रशंसक है। ये तीनों कवि हमारे साहित्य के वे चमकते हुए रत्न हैं जिनसे वैश्विक स्तर पर काव्य - रसानुभूति और अंतर्दृष्टि के कारण लाभ उठाया जाता है। इनमें इक़बाल वह एकमात्र कवि हैं जिनके यहाँ दर्शन और उसकी एक व्यवस्थित प्रणाली भी मौजूद है। इस तरह उनकी शायरी में साहित्यिक सौंदर्य के साथ-साथ दार्शनिक तत्व अतिरिक्त मूल्य के रूप में शामिल हैं, जो उनकी शायरी को और अधिक महत्व प्रदान करते हैं। इक़बाल के वैचारिक तंत्र में खुदी (आत्म-बोध) को केंद्रीय स्थान प्राप्त है। खुदी स्वयं की पहचान या आत्म-ज्ञान के साथ-साथ ईश्वर की पहचान भी है। मनुष्य जब अपने अस्तित्व और अपनी क्षमताओं की समझ



हासिल करता है, तो उसे अपने रचयिता (ख़ालिक) की समझ और पहचान भी प्राप्त होती है। इक़बाल के अनुसार व्यक्ति की मुक्ति आध्यात्मिक प्रशिक्षण और विश्वास की शक्ति (ईमानी कुव्वत) में है। खुदी की पुनः प्राप्ति और व्यक्तित्व के विकास के इक़बालिया संकल्पना का उद्देश्य व्यक्ति के व्यक्तित्व की समस्त संभावनाओं को प्राप्त करना, भटकाव और अवास्तविक व्यवहारों से व्यक्तित्व की रक्षा करना और उसका कल्याण है। इक़बाल सूफ़ियों की तरह स्वयं को एक तुछ बूंद नहीं समझते और उसे दरिया यानी ईश्वर की सत्ता में विलीन (फना) करने के पक्ष में नहीं हैं। बल्कि उनके अनुसार मनुष्य एक मामूली बूंद के बजाय एक चमकता हुआ मोती है।इस विचार से मानवीय खुदी(अस्तित्व) बनी रहती है।

वे वहदतुल- वजूद (अद्वैतवाद) के कायल नहीं हैं; उनके निकट मानवीय खुदी ईश्वरीय सत्ता से पूरी तरह अलग है। वह ईश्वर के नूर (प्रकाश) से रोशन होती है

खुदी रोशन ज़-नूर-ए-किबरियाई अस्त,

रसाई पाए ओ अज़ नारसाई अस्त।

(अर्थ - ईश्वर के प्रकाश से प्रकाशित है, उसकी पहुँच अपनी सीमाओं को पहचानने में ही निहित है।) इक़बाल ने खुदी की मजबूती के लिए कुछ साधन निर्धारित किए हैं, जिन्हें उन्होंने इश्क, निरंतर संघर्ष (जद्द-ओ- अमल), दृढ़ विश्वास (यकीन-ए- मुह्कम), फक्र (निर्लिप्तता), आत्म - निर्भरता (इस्तग़ना), न्याय और अन्याय की शक्तियों पर विश्वास और मुर्शिद-ए-कामिल (पूर्ण गुरु) के अनुसरण के नाम दिए हैं। एक व्यक्ति ईश्वर के प्रेम (इश्क-ए-खुदा) को सीने में बसाकर, निरंतर कर्मशील बनकर और फक्र-ओ-इस्तग़ना (सांसारिक साधनों की गुलामी के बजाय उन पर विजय) की दौलत हासिल करके और मुर्शिद-ए-कामिल यानी अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के अनुसरण के माध्यम से मर्दे-कामिल (पूर्ण मनुष्य) यानी मर्दे-मोमिन या बंदा-ए-हुर (स्वतंत्र व्यक्ति) बन सकता है।

इक़बाल के यहाँ खुदी की मजबूती के लिए सबसे प्रभावी तत्व इश्क है। यह एक हृदय का भाव है जो साधारण प्रेम से कहीं अधिक तीव्र है। उनके यहाँ स्वयं को जानने वाले व्यक्ति के लिए इश्क एक अनिवार्य गुण है। यह ब्रह्मांड की अनमोल पूंजी है। मानवीय बुद्धि नश्वर है और इश्क अमर है।

# राज्य कार्य योजना के तहत वृद्धजनों को मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएंः पंखुरी जैन



मुरादाबाद। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अटल वयो अभ्युदय योजना के घटक वरिष्ठ नागरिकों हेतु रा'य कार्य योजना संचालित की गयी है। वरिष्ठ नागरिक/वृद्धजनों हेतु अनुमोदित गतिविधियां जैसे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत उप निदेशक समाज कल्याण की अध्यक्षता में जागरुकता एवं सामुदायिक जुड़ाव समिति गठित की गयी है। समिति द्वारा श्रेणी-3 के अन्तर्गत जागरुकता एवं सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्न निर्धारित अर्हताओं एवं चयनित संस्थाओं को आवश्यक एवं परिस्थितियों के अनुरुप कायान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। संस्था के पास सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 का या राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के किसी भी संबंधित अधिनियम के तहत पंजीकरण प्रमाण-पत्र, क्लीनिकल स्थापना एक्ट के तहत पंजीकृत अस्पताल के साथ एम.ओ.यू. अनिवार्य होना चाहिए। गैर-सरकारी संगठन एवं स्वै'छिक संगठन के नाम से एक राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता होना चाहिए। संस्था का नीति आयोग के एनजीओ दर्पन पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। संस्था का पंजीकरण प्रमाण-पत्र 01 जुलाई 2022 से पूर्व पंजीकृत होना अनिवार्य हो।

